हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 23 मई 2026

11 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने फूंका सरकार का पुतला




12 दूसरे दिन भी जारी रहा ट्रांसपोर्टरों का चक्का जाम



## खबर संक्षेप

### 5 लाख की टॉय करंसी के साथ युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सदर थाना पुलिस ने बाईपास पर वाहन जांच के दौरान एक युवक को कथित नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 5 लाख रुपये की टॉय/ फर्जी करेंसी, तीन मोबाइल फोन और एक आई-10 कार बरामद हुई है। एसआई योमेश कुमार अपनी टीम के साथ बाईपास पर नया गांव पुल के पास वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान सफेद रंग की आई-10 कार को रोककर जांच की गई। कार पर अस्थायी नंबर प्लेट लगी हुई थी। कार चालक ने अपना नाम अजय पुत्र बिजेंद्र निवासी झाड़ौदा कलां बताया। तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट पर रखी एक पॉलीथिन में 500-500 रुपये के पांच लाख रुपये के नोट मिले। इनमें अधिकांश नोटों पर मैजिक टॉय मनी और चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी सालासर से लौट रहा था, इसी दौरान पकड़ा गया। इन नोटों का क्या इस्तेमाल किया जाना था और कहां से लाए गए थे, यह जांच का विषय है।

### छोछी गांव में लीगल सर्विस कैंप 29 मई को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छोछी में 29 मई को लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा।



सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि कैंप में परिवार पहचान पत्र से संबंधित मामले सुने जाएंगे व मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा बिजली-पानी, राजस्व विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, समाज कल्याण, रोजगार, शिक्षा, फूड एंड सप्लाई आदि 20 विभागों से जुड़े विषयों पर सुनवाई की जाएगी। कैंप को लेकर विभागों को तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे से कैंप शुरू हो जाएगा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार 3 चोटिल

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी के निकट कार और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी बहन और भांजा भी चोटिल हो गए। गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सेक्टर 7 निवासी शिवानी ने शिकायत में बताया कि वह भाई दिनेश के साथ बाइक पर अपने गांव डाबोदा कलां से बहादुरगढ़ में एक अस्पताल में जा रही थी। गोद में ढाई वर्षीय बेटा भी था। करीब पौने 9 बजे जब रूहिल स्मार्ट सिटी 1 के सामने पहुंचे तो अचानक एक कार ने मोड़कर बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में हमें चोटें आई हैं।

### कई मकानों में बिजली उपकरण हुए खराब

**बहादुरगढ़।** लाइनपार क्षेत्र के वार्ड-5 और 6 में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। फाल्ट आने के कारण देर रात से सुबह तक वोल्टेज लगातार ऊपर-नीचे होता रहा। इसकी वजह से कई घरों में पंखे, कूलर मोटर, स्टेबलाइजर, एसी, फ्रिज और इनवर्टर समेत अन्य बिजली उपकरण खराब हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के समय निगम कर्मचारियों और अधिकारियों को लगातार फोन किए गए, लेकिन समय पर कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों को उपकरणों में जलने की गंध आने पर नुकसान का पता चला। जौहरी नगर निवासी मनोज अहलावत और फ्रेंड्स कॉलोनी के सोनू ने आरोप लगाया कि शिकायत देने के बावजूद निगम की ओर से तुरंत कार्रवाई नहीं की गई। प्रवीण, नरेंद्र समेत अन्य लोगों ने निगम कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

## एमआईई की ग्लू फैक्ट्री में साढ़े 12 बजे बॉयलर फटने से हुआ भीषण हादसा, मलबे में दबे कर्मचारी

# एक धमाके से ढही दो मंजिला फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एमआईई में ग्लू बनाने वाली फैक्ट्री में बॉयलर फटने से इतना जोरदार धमाका हुआ कि दो मंजिला भवन भर-भराकर गिर गया। तेज धमाके की गूंज काफी दूर तक सुनाई दी गई। इससे घटनास्थल के आसपास लोगों की काफी भीड़ जुट गई। हादसे में पांच श्रमिक मलबे के नीचे दबे, जिन्हें रेस्क्यू किया गया। चार श्रमिकों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है।

दरअसल, दिल्ली निवासी सतदीप की यहां एमआईई में विकास हाईटेक एडहेसिव प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी है। जानकारी के मुताबिक, फैक्ट्री के एक हिस्से में बॉयलर व मशीनें हैं तो पिछले हिस्से में केमिकल व अन्य माल है। इसमें क्लासिक कोल ब्रांड का गोंद/ग्लू तैयार किया जाता है। शुक्रवार दोपहर को काम चल रहा था। करीब साढ़े 12 बजे अचानक तेज धमाके के साथ बॉयलर फट गया। बॉयलर फटते ही एकाएक दो मंजिला बिल्डिंग भरा भराकर गिर गई। काम करने वाले कर्मचारी जान बचाने के लिए दौड़े जरूर, लेकिन हरदोई मूल के नीरू, धर्मेंद्र, संतोष व जयराम तथा नेपाल का सुभाष आदि 5 श्रमिक चपेट में आ गए। इनमें सुभाष, धर्मेंद्र व संतोष की हालत नाजुक है। चार घायल पीजीआई रोहतक रेफर किए गए हैं। वहीं, सुभाष जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती है। हादसे से पहले यहां दो मिस्त्री काम के लिए आए थे। उनके जाते ही एकाएक यह हादसा हो गया।

### » दमकल केंद्र की छह गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

### » पांच श्रमिकों को मलबे से निकाला चार गंभीर, रोहतक पीजीआई रेफर

### » जांच के लिए उपायुक्त ने कमेटी गठित की, दो दिन में देगी रिपोर्ट



बहादुरगढ़। एमआईई स्थित फैक्ट्री में धमाके से ध्वस्त हुई दो मंजिला बिल्डिंग।




बहादुरगढ़। बॉयलर फटने से क्षतिग्रस्त हुए मशीनों वाले हिस्से में जांच करते दमकल कर्मी व अन्य।

### जिम्मेदारों का पता नहीं





हादसे में घायल श्रमिक।

### केमिकल से फैली दुर्गंध, आंखों में जलन

केमिकल व ग्लू के कारण आसपास काफी दुर्गंध फैली हुई थी। आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ के बीच रेस्क्यू टीम को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। आधा दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियों के सहारे आग बुझाने के प्रयास हुए। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। आग पूरी तरह से शांत होने और मलबा ठंडा होने के बाद सर्च अभियान शुरू होगा। तभी यह स्पष्ट हो सकेगा कि मलबे में कहीं कोई अन्य श्रमिक तो नहीं दबा है। हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने किसी अन्य के हताहत होने से इनकार किया है। वहीं, धमाके से साथ लगती एक अन्य फैक्ट्री की दीवार भी उखड़ गई। गनीमत रही कि इस दौरान उसमें कोई काम नहीं कर रहा था।




### फैक्ट्रियों में पहले भी हो चुके हैं कई बड़े हादसे

- इस हादसे ने इलाके में पहले हो चुकी घटनाओं के जख्मों को ताजा कर दिया है। सितंबर-2019 में एमआईई स्थित एक कूलर फैक्ट्री में आग लगने से 2 इंजीनियरों दीपक ठाकुर व शोएब अंसारी की मौत हो गई थी।
- फरवरी 2020 में डायजेस्टर केमिकल कंपनी में बॉयलर ब्लास्ट होने से दस श्रमिकों की जान चली गई थी और बड़ी संख्या में श्रमिक घायल हुए।
- जनवरी 2021 में एमआईई स्थित तीन फैक्ट्रियों में एक साथ आग लगी, जिसमें बिहार मूल के गणेश व उसके साले के लड़के अमर की जलने से मौत हुई।
- जुलाई 2022 में एमआइई पार्ट बी में आग लगने के दौरान जान बचाने के लिए सोनू नाम का एक श्रमिक छत से कूदा। कुछ दिन बाद इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।
- 22 जनवरी 2026 की सुबह एमआई पार्ट-ए की फैक्ट्री में 2 श्रमिक जिंदा जले थे। अब इस ग्लू फैक्ट्री में हादसा हो गया।

### श्रमिकों की हरसंभव मदद की जाएगी : डीसी

हादसे की सूचना पाकर डीसी वर्षा खांगवाल, डीसीपी मयंक मिश्रा, तहसीलदार सुदेश कुमारी व एसीपी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। बीसीसीआई के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। डीसीपी मयंक मिश्रा ने कहा कि फैक्ट्री में धमाके के साथ आग लगी है। फिलहाल चार लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। सर्च अभियान चलाया जाएगा। मामले में कार्रवाई जारी है। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि प्रशासन पीड़ित श्रमिकों के साथ खड़ा है और उन्हें नियमानुसार हरसंभव सहायता दी जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गई है। कमेटी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो दो दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## पारा @ 43°

# दिनभर तेज धूप की मार रात को चलीं गर्म हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

तापमान में हो रही बढ़ोतरी ने लोगों का जीना मुहाल किया हुआ है। दिनभर चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों ने जनजीवन पूर्णतया प्रभावित कर रखा है। वहीं, रात के समय में चल रही गर्म हवाओं ने रात का चैन भी छीन लिया है। गर्म हवाओं के आगे कूलर व पंखे भी दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी परेशानी हो रही है। वहीं, बिजली के लग रहे लंबे कटों ने लोगों की परेशानियों को और अधिक बढ़ा दिया है।

उधर, बढ़ती गर्मी के बीच डीसी ने आमजन से हीट वेव से बचने के लिए सावधानी बरतने का आह्वान किया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रीयल फील इससे भी ज्यादा रहा। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान लगा रहे है।

### दोपहर में बाहर निकलने से बचें नागरिक : उपायुक्त

डीसी वर्षा खांगवाल ने जिलावासियों से भीषण गर्मी और हीटवेव के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नागरिक अपनी दिनचर्या में आवश्यक बदलाव करें और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को गंभीरता से अपनाएं, ताकि लू और गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि नागरिक अनावश्यक रूप से दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने से बचें तथा अधिकतर समय छायादार और ठंडी जगहों पर रहें। उन्होंने कहा कि पक्षियों और बेसहारा पशुओं के लिए भी पानी और दाने की व्यवस्था करें, ताकि इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।



झज्जर। गर्मी से बचने के लिए सिर पर कपड़ा ढककर जाते हुए युवा।

## महाराजा अग्रसेन अस्पताल परिसर में प्लम्बर की मौत मामले में लगातार दूसरे दिन हुई पंचायत, निकला समाधान

# 50 लाख मुआवजा, पत्नी को नौकरी की मांग मानी

- नागरिक अस्पताल में दलाल खाप 84 के प्रधान भूप सिंह की मौजूदगी में हुई पंचायत, शव लेने को हुई राजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

महाराजा अग्रसेन अस्पताल परिसर में कार्यरत प्लम्बर सुनील की मौत को लेकर चल रहा विवाद लगातार दो दिन हुई पंचायत के बाद नरम पड़ा। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, पत्नी को सरकारी नौकरी और जीवनभर मेडिकल सुविधा देने की मांग माने जाने पर परिजन व ग्रामीण शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए सहमत हुए। इसके बाद गांव में गमगीन माहौल में शव का दाह संस्कार किया गया।

इससे पहले शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे नागरिक अस्पताल परिसर में दलाल खाप 84 के प्रधान भूप सिंह की मौजूदगी में पंचायत शुरू हुई। विधायक राजेश जून, किसान नेता रमेश दलाल, नोगामा प्रधान मनजीत जून, जजपा नेता संजय दलाल, डाबोदा कलां-मेहंदीपुर, सिलोठी सहित कई गांवों के सरपंच, पार्षद, पूर्व सरपंच सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोग व आम नागरिक इस पंचायत में शामिल हुए। महिलाओं की भी काफी भागीदारी रही। प्रशासन की तरफ से एसडीएम अभिनव सिवाच, तहसीलदार सुदेश कुमारी, एसीपी प्रदीप नैन सहित कई एसएचओ मौजूद थे। करीब साढ़े तीन घंटे तक चली इस पंचायत में मृतक सुनील के परिवार को न्याय दिलाने पर जोर रहा। अस्पताल प्रबंधन के रवैये तथा एफआईआर में धाराओं को लेकर भी नाराजगी देखने को मिली।



बहादुरगढ़। पंचायत में अपनी बात रखते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

### पांच सदस्यीय कमेटी ने वार्ता कर निकाला नतीजा

वक्ताओं ने कहा कि सुनील को उसके काम के विपरीत जाकर सीवर में उतारा गया। बाद में तथ्य भी छिपाए गए। ग्रामीण व परिजन एक करोड़ मुआवजे व अपनी अन्य मांगों पर अडिग थे। अंत में पांच लोगों की कमेटी बनी, जिसमें विधायक राजेश जून, संजय दलाल, डाबोदा कलां व मेहंदीपुर के सरपंच तथा सिलोठी के पूर्व सरपंच शामिल थे। कमेटी और प्रशासन के बीच काफी देर तक मंथन हुआ और फिर पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये आर्थिक सहायता, सुनील की पत्नी को उसकी सैलरी के बराबर नौकरी व परिवार को जीवन भर मेडिकल सुविधा दिए जाने की मांग पर सहमति बनी। इसके बाद परिजन व ग्रामीण पोस्टमार्टम तथा शव लेने पर राजी हुए।

### सीवर मेनहोल में चार कर्मचारी हुए थे बेसुध

दरअसल, सोमवार दोपहर अस्पताल परिसर में सीवर मेनहोल के कार्य के दौरान 4 कर्मचारी बेहोश हो गए थे। इनमें 3 सफाई कर्मचारी और एक प्लम्बर सुनील शामिल था। सुनील ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी मीनू की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन से जुड़े आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इस संबंध में वीरवार को भी पंचायत हुई थी लेकिन मांगों पर सहमति न बनने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। अब परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## समारोह | राजकीय महाविद्यालय दूबलधन परिसर में सम्मान समारोह में उमड़ी भीड़

### शिक्षा मंत्री से कॉलेज का नया भवन बनाने की मांग की

# दूबलधन महाविद्यालय बनेगा शोध, शिक्षा और नवाचार का हब : महिपाल ढांडा

- राजकीय विद्यालय दूबलधन व माजरा को मॉडल संस्कृति या पीएमश्री स्कूल बनाने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शिक्षा ही भारत को विकसित एवं सशक्त बनाने की संजीवनी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 शिक्षा के उत्थान का अनुपम माध्यम है। राजकीय महाविद्यालय दूबलधन एनईपी 2020 की सभी शर्तों पर खरा उतरता है। इसे शिक्षा के हब के रूप में विकसित किया जाएगा। ये उद्गार राजकीय महाविद्यालय दूबलधन परिसर में सम्मान समारोह में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दुर्वासा की तपोस्थली का यह कॉलेज रविंद्र नाथ टैगोर के शांति निकेतन से किसी लिहाज से कम नहीं है। उन्होंने शिक्षा सुधार समिति द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। कॉलेज के लिए नया भवन तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दूबलधन व माजरा को मॉडल संस्कृति या पीएमश्री स्कूल बनाने की मांग की गई। इस मांग पत्र को धरातल पर उतारने का आश्वासन दिया। जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास ने कहा कि महर्षि दुर्वासा से लेकर सिद्ध महाराजों तक होते हुए नितानंद महाराज ने यहां की शिक्षा और ज्ञान परंपरा को तपस्या के माध्यम से नवाचारित करने का काम किया है। इसलिए यह इलाका शिक्षा और चिकित्सा का आदिकाल से ही अग्रणी केंद्र रहा है। कॉलेज प्रभारी प्राचार्य कर्मवीर गुलिया व स्टाफ सदस्यों ने कॉलेज की गतिविधियों का खाका पेश किया। मंच संचालन प्रोफेसर कुलताज सिंह और प्रोफेसर अजय सिंह कादियान ने किया।




झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री का पगड़ी बांधकर स्वागत करते हुए प्रबुद्धजन।

# सांखोल-बराही फाटक पर बनेगा आरओबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली रोहतक रेलमार्ग पर बहादुरगढ़ व आसोदा स्टेशन के बीच सांखोल-बराही रोड पर स्थित क्रॉसिंग नंबर-26 पर रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति दी गई है। आरटीआई के तहत रेल विभाग के दिल्ली मंडल के इंजीनियर विभाग ने यह जानकारी दी है। दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाडा द्वारा लगाई आरटीआई के जवाब में बताया गया कि शीघ्र इस पुल का निर्माण आरंभ हो जाएगा। बहादुरगढ़ और आसोदा के बीच 4 लेवल क्रॉसिंग 24-26-27 व 29 है। लेवल क्रॉसिंग 26 एसपीएल के अलावा अन्य किसी भी लेवल क्रॉसिंग पर रोड के नीचे से आरयूबी बनाने का कोई प्रस्ताव रेल विभाग के पास विचाराधीन नहीं है। न ही शेष 3 लेवल पर आरओबी बनाने को बजट पारित किया है। सतपाल के अनुसार पुराने बराही रोड पर बने फाटक पर नंबर-24 पर आरयूबी बनना जरूरी था। फाटक बंद होने से लाइनपार रहने वाले नागरिकों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। घेवरा-बहादुरगढ़ के बीच परनाला से निजामपुर रोड पर लेवल क्रॉसिंग-22 पर भी आरओबी या आरयूबी बनाने की मांग पुरानी है।

### कई ट्रेनों के ठहराव का इंतजार

सप्ताह में 3 दिन चलने वाली गाड़ी नंबर-20957 व 20958 हिसार-इंदौर सुपरफास्ट का बहादुरगढ़ स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। इसके अलावा 7 जोड़ी गाड़ियां अभी भी बहादुरगढ़ स्टेशन पर बिना रुके गुजर रही हैं।



# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।



## लाइफ Style

# रिद्धि
## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

## हॉलीवुड मसाला



# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

## टीवी मसाला




# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।



# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने



ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

### खास अंदाज में दिखे सितारे



## बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द

# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

### बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



### ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

### पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

### नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा शक्ति टीम ने छात्रों को किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** दुर्गा शक्ति टीम ने राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डायल 112 आपातकालीन सेवा और ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के फायदे बताए गए। सहायक उप निरीक्षक सरला व टीम सदस्यों ने बच्चों को समझाया कि किसी भी परेशानी, दुर्घटना, झगड़े या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस सहायता ली जा सकती है। वहीं ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के जरिए यात्रा के दौरान लोकेशन साझा कर सुरक्षा सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई।

### ड्यूटी से घर के लिए निकला शख्स लापता

**बहादुरगढ़।** ड्यूटी से घर के लिए निकला एक शख्स संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उसकी स्कूटी रेलवे स्टेशन के बाहर मिली और फोन भी बंद आ रहा है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। लाइनपार के निवासी आशुतोष का कहना है कि उसके पिता धुरेंद्र एक कंपनी में काम करते हैं। गत 20 मई को साढ़े आठ बजे कंपनी से घर के लिए निकले थे लेकिन पहुंचे नहीं। इसके बाद हमने तलाश शुरू की। इस दौरान उनकी स्कूटी रेलवे स्टेशन पर खड़ी मिली। मोबाइल पर कॉल की लेकिन रिसीव नहीं हुई। इसके बाद फोन बंद हो गया। तब से अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं है, पुलिस तलाशने में मदद करें।

### रास्ता रोककर कार सवार दो दोस्तों पर हमला

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी में गाड़ी सवार दो दोस्तों पर हमला करने, डंडों से गाड़ी तोड़ने व धमकी देने का मामला सामने आया है। मामला किसी पुराने केस की रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव छारा के निवासी वीरेंद्र का कहना है कि वह छारा मंडी में आढ़ती है। वह और उसका दोस्त मनोज गोदाम से छारा की तरफ जा रहे थे। गाड़ी मैं चला रहा था। जब टांडाहेड़ी में तालाब के पास पहुंचे तो मांडोठी की तरफ से एक स्कार्पियन गाड़ी आई।

## नरवाना में 24 और 25 मई को महापड़ाव डालने की चेतावनी

# लंबित मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने सरकार का पुतला फूंका

■ दोपहर डेढ़ बजे लघु सचिवालय से राव तुलाराम चौक तक कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। राव तुलाराम चौक पर सरकार का पुतला फूंकते हुए ग्रामीण सफाईकर्मी।




झज्जर। पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। पूर्व नियोजित कार्यक्रमानुसार यूनियन के कर्मचारी सुबह लघु सचिवालय परिसर में बनाए गए धरना स्थल पर एकत्रित हुए। भीषण गर्मी के बीच नारे लगाते हुए कर्मचारियों ने अपनी मांगें पूरी करने की आवाज उठाई। यूनियन नेता संदीप कुमार मारौत ने कहा कि जब तक सरकार उनकी यूनियन से बातचीत कर समस्याओं का समाधान नहीं करती और किए गए वादों को पूरा नहीं करती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि लंबित मांगें पूरी न होने के कारण कर्मचारियों में रोष है और प्रदेश भर में ग्रामीण सफाई कर्मचारी मंत्रियों व सरकार के प्रतीकात्मक पुतले फूंक रहे हैं। इसके उपरांत करीब डेढ़ बजे ग्रामीण सफाई कर्मचारी लघु सचिवालय से विरोध प्रदर्शन करते हुए सिलानी गेट स्थित राव तुलाराम चौक तक पहुंचे। यहां उन्होंने सीएम व प्रदेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। कर्मचारियों ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते यूनियन से वार्ता नहीं की तो वे 24 और 25 मई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के कार्यस्थल नरवाना पहुंच कर दो दिवसीय महापड़ाव डालेंगे जिसकी तैयारियां जिला और ब्लॉक स्तर पर की जा रही है।

### जल्द मांगें पूरी करने की उठाई मांग

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों को 26 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा गई थी जिसे अभी तक लागू नहीं किया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद कर्मचारियों को पक्का नहीं किया गया, जो अदालत की अवमानना है। वे पिछले करीब 19 वर्षों से कच्चे पदों पर कार्य कर रहे है लेकिन उनके भविष्य को लेकर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शीघ्र उनकी मांगों का पूरा कर उन्हें राहत दिलाई जाए। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के साथ सीआईटीयू व नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी भी साथ रहे।

## पिस्तौल दिखाकर लूटपाट विरोध करने पर चाकू मारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर मांडोठी टोल के पास हथियारबंद बदमाशों ने एक कार चालक को निशाना बनाते हुए लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने कार रुकवाकर मारपीट की, 70 हजार रुपये नकद लूट लिए और चाकूओं से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसौदा थाना पुलिस ने मकेस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में भिवाड़ी निवासी सुमित गुप्ता ने बताया कि वह 18 मई की रात अपनी इनोवा कार से नरवाना से घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े 9 बजे जब वह रोहतक से आगे केएमपी पर मांडोठी टोल के पास पहुंचे तो 3 युवक उनकी गाड़ी के पास आए और कार रुकवा ली। आरोपियों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था तथा उनके पास बंदूक और चाकू थे। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और 70 हजार रुपये लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकूओं से हमला कर उसे घायल कर दिया। वारदात के बाद वह किसी तरह गाड़ी से बाहर निकला लेकिन कुछ देर बाद बेहोश हो गया। बाद में एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और उसे गुरुग्राम के मेट अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में एमएलसी तैयार होने के बाद सूचना बिलासपुर थाना पुलिस को दी गई। इसके बाद सोनीपत पुलिस ने भी मौके की जानकारी ली। बाद में मामला झज्जर जिले के थाना आसौदा क्षेत्र का पाए जाने पर शिकायत वहां भेजी गई।

## सीवरेज परियोजना के विरोध में छारा के ग्रामीण एकजुट, डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल को ज्ञापन सौंपते हुए छारा के ग्रामीण।

क्षेत्र के गांव छारा के ग्रामीण सीवरेज परियोजना रद्द करने की मांग को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय पहुंचे। डीसी वर्षा खांगवाल को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि जुलाई 2024 में शुरू की गई सीवरेज परियोजना का ग्रामवासियों द्वारा शुरू से ही विरोध किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने ग्राम सभा का आयोजन करते हुए सर्वसम्मति से इसे अनावश्यक बताते हुए तत्कालीन उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर यह कार्य रुकवा दिया गया था, लेकिन बाद में फिर से कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार कई बार विरोध प्रदर्शन और अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद परियोजना का कार्य फिर से शुरू किया जाता रहा। ग्रामीणों के अनुसार गांव की इंदिरा कॉलोनी में सीवर लाइन बिछाने के बाद बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या बढ़ गई, जिससे करीब 80 प्रतिशत घरों में दरारें आ गईं। इसकी शिकायत विभाग को दी गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। हालांकि इस दौरान संबंधित एसडीओ और एक्सईएन ने भी आश्वासन दिया था कि ग्रामवासियों की इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य नहीं होगा। मई 2026 को सरपंच की अगुवाई में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने पुनः एकजुट होकर परियोजना का विरोध किया।

# डीसी ने जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाने के दिए निर्देश

■ पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार और न्यायालय के निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाए : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देतीं डीसी वर्षा खांगवाल।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार और न्यायालय के निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाए। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ जिले के निर्माण के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट के लिए भूमि चिन्हित की जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने तथा स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30 मई तक नई सोच-नया शहर स्वच्छ हरियाणा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनभागीदारी से स्वच्छता गतिविधियां चलाने के निर्देश दिए।

## ग्रीष्मावकाश में पठन-लेखन व गणित का करें नियमित अभ्यास

**बहादुरगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड परियोजना कार्यान्वयन इकाई की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मालिक के दिशा निर्देशन में कक्षा तत्परता कार्यक्रम, शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र संख्या में वृद्धि तथा पाठ्यपुस्तक वितरण जैसे अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पीटीएम व ग्रीष्मावकाश गृहकार्य पर विशेष बल दिया गया। जिला निपुण संयोजक डॉ. सुदर्शन पुनिया ने विस्तृत डेटा प्रस्तुत करते हुए विद्यालय भ्रमण की स्थिति, नामांकन की प्रगति, शिक्षकों का निपुण डैशबोर्ड पर आवंटन तथा कक्षा तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बारे में बताया। बैठक में कक्षा तत्परता कार्यक्रम, स्टेकहोल्डर्स विजिट कम्प्लायंस, छात्र संख्या बढ़ाने के उपाय, पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## नप चुनाव में प्रधान प्रत्याशी की मदद करना थी मेरी भूल : जसबीर



बहादुरगढ़। नगर परिषद नेतृत्व पर सवाल उठाते जसबीर सैनी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

चार साल पहले हुए नगर परिषद चुनाव में भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने वाली प्रधान प्रत्याशी की मदद करने वाले पूर्व पार्षद जसबीर सैनी को अब पछतावा हो रहा है। उनके अनुसार वार्ड नंबर-14 के साथ पूरा बहादुरगढ़ इन्हें कोस रहा है।

भाजपा नेता जसबीर सैनी ने बीते 4 वर्ष को सबसे असफल कार्यकाल बताते हुए कहा कि चुनाव में उनकी मदद करना सबसे बड़ी राजनीतिक भूल रही। इन चार सालों में कमजोर नेतृत्व के कारण बहादुरगढ़ शहर को सिर्फ परेशानी ही मिली है। उन्होंने भाजपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को कमजोर किया और विपक्ष की विचारधारा वाले पार्षदों को आगे बढ़ाया। नगर परिषद के सभी कार्यों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनसमस्याओं का समाधान सिर्फ कागजों में हो रहा है, धरातल पर नहीं। जसबीर ने बहादुरगढ़ की इस दुर्दशा के लिए पूर्व विधायक को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उन्हीं की पैरवी के कारण इन्हें मौका मिला था।

## कॉलेजों में दाखिले के लिए 31 मई तक करें आवेदन

# कोविड और एआई ने बदली शिक्षा और रोजगार की दिशा

■ ऑनलाइन के दौर में बढ़ी बीसीए की चमक, ज्यादा आ रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए स्नातक कक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी 31 मई तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी और अब एआई के बढ़ते प्रभाव से शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। लगभग हर क्षेत्र में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग ने कंप्यूटर आधारित कोर्सों की मांग में वृद्धि की है। विशेष रूप से बीसीए अब विद्यार्थियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल बैंकिंग, ई-कॉमर्स, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी कार्यों में तकनीक का तेजी से इस्तेमाल हुआ, जिसने आईटी क्षेत्र को नयी दिशा दी। इसी कारण बीसीए को रोजगारपरक कोर्स माना जा रहा है।

### जिले में सीमित सीटें, दाखिले के लिए प्रतिस्पर्धा



जिले में इंजीनियरिंग संस्थानों को छोड़कर बीसीए की सुविधा केवल दो सरकारी कॉलेजों और एक एडिड कॉलेज में उपलब्ध है। कुल मिलाकर जिले में केवल 320 सीटें ही हैं। इनमें राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर में 80 सीटें, राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ में 60 सीटें तथा वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ में 180 सीटें उपलब्ध हैं। सीमित सीटों के कारण सरकारी कॉलेजों में बीसीए प्रवेश के लिए हर वर्ष कड़ा मुकाबला देखने को मिलता है और इसकी सीटें सबसे पहले भर जाती हैं।

### नई शिक्षा नीति के तहत अब चार वर्षीय कोर्स

नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बीसीए को चार वर्षीय पाठ्यक्रम के रूप में विकसित किया गया है। इस कोर्स में विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटाबेस मैनेजमेंट, नेटवर्किंग, साइबर सिक्योरिटी और क्लाउड तकनीक और एआई जैसे आधुनिक विषयों की जानकारी दी जाती है।


### आईटी क्षेत्र में रोजगार की बढ़ती संभावनाएं

कंप्यूटर विशेषज्ञों के अनुसार डिजिटल युग में तकनीकी दक्षता की मांग लगातार बढ़ रही है। इस कोर्स के बाद विद्यार्थी सॉफ्टवेयर डेवलपर, वेब डिजाइनर, सिस्टम एनालिस्ट, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर और साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। इसके अलावा एमसीए, एमएससी (आईटी) और एमबीए (आईटी) जैसे उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश ले सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम संस्कृति के विस्तार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती लोकप्रियता ने वेब डेवलपमेंट, ऐप डेवलपमेंट और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ा दी हैं। तकनीकी ज्ञान रखने वाले युवा आज फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में डिजिटल कौशल ही सबसे बड़ी जरूरत होगी और बीसीए से इस दिशा में मजबूत आधार मिलेगा।

## समाधान शिविर में आई 6062 शिकायतों में से 231 लंबित

■ शिकायत के समाधान के उपरांत एटीआर बिना विलंब संबंधित पोर्टल पर भेजी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। समाधान शिविर की बैठक में मौजूद अधिकारी।

समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक निवारण के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने बताया कि अब तक जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में कुल 6062 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 231 शिकायते ही पेंडिंग हैं। उन्होंने विभागवार प्राप्त शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायत के समाधान के उपरांत एटीआर बिना विलंब संबंधित पोर्टल पर भेजी जाए।

## न्यूज डायरी



बहादुरगढ़। सिद्धार्थ को मेडल जीतने की बधाई देते रवींद्र छिल्लर बराही।

### रजत पदक जीतने पर सिद्धार्थ को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में गांव बराही निवासी सिद्धार्थ छिल्लर से मुलाकात कर एशियन बीच गेम्स-2026 में सिल्वर मेडल जीतने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि चाइना के सान्या में आयोजित छठे एशियन बीच गेम्स में बराही गांव के खिलाड़ी सिद्धार्थ छिल्लर ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 70 किलोग्राम सीनियर पुरुष वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल जीता था। भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर बराही ने सिल्वर मेडल विजेता सिद्धार्थ को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



बहादुरगढ़। वैश्य कॉलेज में पंजीकरण करवाती छात्रा। फोटो : हरिभूमि

### कॉलेज में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जारी

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में सत्र 2026-27 के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी व बीसीए प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यहां ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। छात्राओं की सब्जैक्ट कॉउंसलिंग के लिए हेल्पडैस्क बनाए गए हैं। रजिस्ट्रेशन करवाने की अंतिम तिथि 31 मई है। एडमिशन लेने की इच्छुक छात्राएं 10वीं-12वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, माईग्रेसन सर्टिफिकेट, हरियाणा डोमिसाईल, अपनी फोटो व एससी-बीसी छात्राओं के लिए इनकम सर्टिफिकेट, कास्ट सर्टिफिकेट तथा बैंक पासबुक लेकर कॉलेज में रजिस्ट्रेशन कराएं।



बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों के साथ आयोजक व स्कूल स्टाफ।

### सहकारिता को लेकर किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** सांखोल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को हरकोफैड द्वारा विद्यार्थी चेतना कार्यक्रम किया गया। इसमें नौवीं से 12वीं कक्षा के 466 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सहकारिता पर आधारित प्रश्नोतरी में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कुंदन, हर्षिता, आरती, गौरव और दीपमाला को पुरस्कृत किया गया। शिक्षा अनुदेशक एसएन कौशिक ने सहकारिता के इतिहास व विषय वस्तु के बारे में बताया। शिक्षाविद सतीश शर्मा ने सहकारिता, स्वच्छता, जल बचाओ और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य संजय राठी, उप प्राचार्या संगीता शर्मा, प्राध्यापिका सीमा, मीनू, सुनिधि, अनीता, सुरेखा और विवेक आदि उपस्थित रहे।

### जिले के 126 गांवों को किया नशा मुक्तः कमिश्नर



**झज्जर।** जिला पुलिस ने नशे के दुष्प्रभाव के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर रही है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि जिले में करीब 250 गांव हैं जिनमें से अब तक 126 गांवों को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है। इनमें झज्जर जोन के 82 गांव तथा बहादुरगढ़ जोन के 44 गांव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। युवाओं को खेलों, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया जाए ताकि वे नशे से दूर रह सकें। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्रवासी युवक के शव की शिनाख्त

**झज्जर।** वीरवार की सुबह क्षेत्र के गांव दुजाना के खेतों में मिले प्रवासी युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान यूपी के फिरोजाबाद निवासी करीब 26 वर्षीय नितिन के तौर पर हुई है। नितिन करीब पांच दिन पहले ही यहां दुजाना में अपने भाई के पास घूमने के लिए आया था। उसका शव खेतों में बनी ट्यूबवैल की होदी में मिला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं राज सिंह पुत्र श्री छंगा राम निवासी मकान नंबर-962/2, गली नंबर-3, शंकर गार्डन, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुशील और पुत्रवधु रजनी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सुशील व उसकी पत्नी रजनी अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, निर्मला देवी पत्नी स्वर्गीय भीम सिंह, गांव कालूवास, तहसील व जिला भिवानी, हाल आबाद मकान नंबर 412, छोटूराम, नगर वार्ड 10, लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरा पुत्र संदीप बेनीवाल मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं, भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन- देन और व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संतोष देवी (पत्नी), संदीप कुमार (पुत्र), मंजीत (पुत्री) व राजेश कुमार (पुत्र) w/o s/o d/o श्री प्रहलाद निवासी महाबीर पार्क बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3BWG2LK1 / 3BAUMKT6 वार्ड नंबर-22 कॉलोनी महाबीर पार्क, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में प्रहलाद के नाम से दर्ज है। प्रहलाद की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर-3BWG2LK1 / 3BAUMKT6 वार्ड नंबर-22 कॉलोनी महाबीर पार्क पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नंबर-3BWG2LK1/116.66 वर्ग गज व 3BAUMKT6 / 100 वर्ग गज प्रार्थी संतोष देवी (पत्नी), संदीप कुमार (पुत्र), मंजीत (पुत्री) व राजेश कुमार (पुत्र) w/o s/o d/o प्रहलाद के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**खबर संक्षेप**



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

### गोली चलाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा जान से मारने की नीयत से गोली चलाने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बेरी उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि उपेंद्र निवासी चिमनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम द्वारा एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हर्ष निवासी चिमनी जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किय गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### पहली समर ओपन एथलेटिक्स कल

**बहादुरगढ़।** एथलेटिक्स संघ झज्जर द्वारा पहली जिला झज्जर समर ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 24 मई को बहादुरगढ़ के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया जा रहा है। जिला एथलेटिक संघ के महासचिव भीम अवार्डी चरण सिंह राठी ने बताया कि रविवार 24 मई को अंडर-14, 16, 18, 20 और सीनियर आयुवर्ग वाले खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन जिला एथलेटिक्स संघ के अंतरराष्ट्रीय कोच करण राठी के तकनीकी निर्देशन में किया जाएगा। खिलाड़ी झज्जर जिले का होना चाहिए। खिलाड़ी को जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की कॉपी लाना अनिवार्य है।

### सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों ने की मस्ती

**बहादुरगढ़।** ग्रीष्मकालीन अवकाश आरम्भ होने से पहले सैनिक पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने पूल पार्टी, लेमोनेड गतिविधि एवं शतरंज प्रतियोगिता का आनंद लिया। शुक्रवार को नर्सरी एवं केजी कक्षा के बच्चों ने पूल पार्टी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। तीसरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि के अंतर्गत लेमोनेड बनाने की प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक लेमोनेड तैयार किया। कक्षा 6 से 8वीं के विद्यार्थियों ने इंटरहाउस शतरंज प्रतियोगिता में अपनी बौद्धिक क्षमता, रणनीति एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने कहा कि ऐसी सह-शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

तीन दिवसीय चक्का जाम के चलते जरूरी सामान की सप्लाई पर भी असर

# दूसरे दिन भी ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल जारी, सप्लाई और सफर प्रभावित

हड़ताल के बीच दिल्ली मेट्रो और रोडवेज बस सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को राहत है, लेकिन ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने संकेत दिए हैं कि अगर सरकार से बातचीत नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। टीकरी बॉर्डर से ट्रकों को वापस मुड़वाते ट्रांसपोर्टर। फोटो : हरिभूमि

ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। विदित है कि 21 से 23 मई तक घोषित तीन दिवसीय चक्का जाम के चलते दिल्ली-एनसीआर के साथ ही बहादुरगढ़ में भी माल ढुलाई और परिवहन सेवाएं प्रभावित रहीं। ट्रांसपोर्ट यूनियन से जुड़े लोगों ने टीकरी बॉर्डर से ट्रकों को वापस लौटाया।

बता दें कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस समेत कई ट्रांसपोर्ट यूनियनों के समर्थन से चल रही इस हड़ताल में ट्रांसपोर्टर बढ़े हुए पर्यावरण मुआवजा शुल्क, ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों और कमर्शियल वाहनों पर बढ़ते नियमों का विरोध कर रहे हैं। हड़ताल के बीच दिल्ली मेट्रो और रोडवेज बस सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को राहत है, लेकिन ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने संकेत दिए हैं कि अगर सरकार से बातचीत नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जा सकता है। यूनियनों का कहना है कि मौजूदा हालात में वाहन चलाना घाटे का सौदा बनता जा रहा है। ट्रांसपोर्टर रणबीर राठी ने बताया कि दिल्ली में कमर्शियल वाहनों पर बढ़ाए गए एनवायरमेंट कम्पनसेशन सेस (ईसीसी) और इसके प्रस्तावित वार्षिक बढ़ोतरी से ऑपरेशन लागत बढ़ रही है और ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित हो रहा है। ट्रांसपोर्टर वीरेंद्र सिंह ने पुराने कमर्शियल वाहनों पर प्रस्तावित प्रतिबंधों की समीक्षा की मांग करते हुए कहा कि फैसला वाहन की रजिस्ट्रेशन कैटेगरी नहीं, बल्कि वास्तविक प्रदूषण स्तर के आधार पर होना चाहिए। हड़ताल के कारण दिल्ली की सीमाओं पर कई जगह ट्रकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। फल-सब्जियों, दूध और अन्य जरूरी सामान की सप्लाई पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। कई मंडियों में माल की आवाजाही धीमी पड़ गई है। ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द फैसला नहीं लिया तो आंदोलन को विस्तार दिया जाएगा।

#### ग्रीन टैक्स दोगुना करने का भी विरोध

ट्रांसपोर्टरों का विरोध दिल्ली सरकार और सीएक्यूएम की उन नीतियों के खिलाफ है, जिनमें ईसीसी टैक्स में बढ़ोतरी, ग्रीन टैक्स दोगुना करना और एक नवंबर 2026 से दिल्ली में बीएस-4 कमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव शामिल है। बीएस-5 ट्रकों पर लगाए जा रहे ईसीसी शुल्क का भी ट्रांसपोर्टर विरोध कर रहे हैं।

नौनिहालों का स्वास्थ्य खतरे में

## भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी खुली और स्कूल होंगे बंद

आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स ने की अवकाश घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार ने 25 मई से 30 जून तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिए हैं, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों और आंगनबाड़ी कम प्ले स्कूलों के लिए अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। ऐसे में नौनिहालों के साथ-साथ आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर भी परेशानी झेल रहीं हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों की उम्र स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से काफी कम होती है। इसके बावजूद उन्हें तेज गर्मी में केंद्रों तक पहुंचना पड़ रहा है। जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्मी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं हैं। कहीं ठंडे पेयजल की सुविधा नहीं है तो कई केंद्रों में बिजली की व्यवस्था तक नहीं होने से पंखे बंद पड़े हैं। आंगनबाड़ी वर्करों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण केंद्रों में बच्चों की संख्या भी कम होने लगी है। छोटे बच्चे गर्मी के कारण बीमार पड़ रहे हैं और अभिभावक भी उन्हें केंद्रों में भेजने से बच रहे हैं। वर्करों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र सुबह पौने नौ बजे से दोपहर पौने तीन बजे तक खुले रहते हैं।

दोपहर के समय चलने वाली गर्म हवाओं के बीच बच्चों को संभालना मुश्किल हो रहा है। अभिभावकों का कहना है कि जब सरकार ने स्कूलों की छुट्टियां पहले घोषित कर दी हैं तो आंगनबाड़ी केंद्रों में भी तत्काल अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर्स ने भी सरकार से जल्द ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है।

## जाट समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को रोहतक के जाट भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत कर जाट समाज की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पहुंचे विशिष्ट अतिथि विधायक राजेश जून का आयोजकों ने स्वागत व सम्मान किया।

कार्यक्रम का आयोजन जाट सभा रोहतक द्वारा सिविल एवं भारतीय वन सेवा परीक्षा में चयनित जाट समाज के युवाओं के सम्मान में किया गया। समारोह में समाज के चयनित युवाओं को सम्मानित करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि ये प्रतिभाएं पूरे समाज और प्रदेश के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। राजेश जून ने चयनित प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश जून ने अपनी निजी कमाई से 1 लाख 1 हजार रुपये की धनराशि जाट सभा को भेंट कर प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## तैराकी में झज्जर ने जीती ओवरॉल ट्रॉफी

- सीनियर हरियाणा राज्य तैराकी प्रतियोगिता में दिखे रोचक मुकाबले
- झज्जर जिले के तैराक मयंक जून को लड़कों और सोनीपत की भारती को लड़कियों में बेस्ट स्वीमर चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। विजेता तैराकों को सम्मानित करते मीनू बेनीवाल व अन्य।

सीनियर हरियाणा राज्य तैराकी प्रतियोगिता में झज्जर के तैराकों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। झज्जर जिले के तैराक मयंक जून को लड़कों और सोनीपत की भारती को लड़कियों में बेस्ट स्वीमर चुना गया। झज्जर जिले के तैराकों को ओवरऑल ट्रॉफी हासिल हुई।

अतुल धनखड़ ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रॉक और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रॉक में 2 गोल्ड मेडल जीते। साथ ही 50 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक जीता। वहीं 400 मीटर मेडले रिले तथा फ्री स्टाइल रिले में झज्जर के अतुल धनखड़, मयंक जून, इशांत और दिव्यांशु की जोड़ी ने 2 गोल्ड मेडल जीते।

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन मीनू बेनीवाल, युवा भाजपा नेता मोहित और एचओए के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने सभी पदक विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रवि शिंगारी, सुनील खत्री, कोच साई जाधव, इंद्र सिंह फोगाट, रामफल फोगाट, बलवान काद्यान, सत्यनारायण शर्मा, अनिल उर्फ हनुमान व अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान प्रमाण पत्र व स्क्रीनिंग किट वितरित करते हुए सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान। फोटो : हरिभूमि

## दृष्टि कार्यक्रम में वितरित किए 17 हजार चश्मे

**झज्जर।** भारत सरकार के दृष्टि कार्यक्रम के अंतर्गत ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली, नज फाउंडेशन व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चलाए जा रहे रीडिंग ग्लासेज वितरण अभियान को गति मिली है। सीएमओ मंजू कादियान ने बताया कि जिले में 50 हजार रीडिंग ग्लासेस वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें 25 हजार चश्मे आशा वर्करों तथा 25 हजार स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाए जाएंगे। अब तक करीब 17 हजार चश्मों का वितरण किया जा चुका है। कार्यक्रम के अंतर्गत आशा वर्करों और एसएचजी सदस्यों को गांव स्तर पर आंखों की स्क्रीनिंग कर सही नंबर के चश्मे उपलब्ध कराने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एम्स दिल्ली के प्रोफेसर सूरज सिंह, ऑप्टोमेट्रिस्ट प्रवीण यादव, जय प्रकाश द्विवेदी, आशीष तंवर तथा नज फाउंडेशन की टीम ने भाग लिया। सीएमओ ने डॉक्टर मंजू कादियान ने कहा कि आशा वर्कर स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं और दृष्टि कार्यक्रम जनसेवा की मिसाल बनेगा। कार्यक्रम में स्क्रीनिंग किट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए आशा वर्कर बीरमति और मीना को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नविता यादव, जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा, मुस्कान, अमन गहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## धानक समाज ने किया नवनियुक्त डीसी वर्षा खांगवाल का स्वागत

वर्षा खांगवाल की नियुक्ति से जिले में प्रशासनिक कार्यों को नई दिशा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। डीसी को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए धानक समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

आईएएस वर्षा खांगवाल की उपायुक्त के रूप में नियुक्ति पर धानक समाज ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। शुक्रवार को धानक समाज के लोग भारतीय धानक, धानुक, धानका वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सूरजमल निनानियां के नेतृत्व में लघु सचिवालय पहुंचे और नव नियुक्त डीसी वर्षा खांगवाल का पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट करके स्वागत किया।

इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्षा खांगवाल की नियुक्ति से जिले में प्रशासनिक कार्यों को नई दिशा मिलेगी। इस मौके पर राजपाल खनगवाल, प्रताप सिंह इंदौरा, एडवोकेट रवि इंदौरा, महाबीर सिंह बरहाना, रणबीर सिंह बागड़ी, उमेद सिंह खनगवाल, रामफल मुंदड़िया, मंगत राम नंबरदार, प्रमोद इंदौरा, धर्मेंद्र, राजेंद्र सोलंकी, भूपसिंह खुंडिया, परमजीत, राजकुमार, कृष्ण खनगवाल, सुरेंद्र खनगवाल, सतबीर सिंह खनगवाल, भीम सिंह किराड़, ऋषि किराड़, मंजीत मुंदड़िया, दिलबाग खनगवाल, राहुल खनगवाल, प्रदीप बागड़ी, रणबीर निनानिया, करतार सिंह इंदौरा, अमित, करण सिंह, बलबीर, अमित, सरोज खटक, प्रोफेसर अशोक कुमार, डॉक्टर हरिओम खनगवाल, कप्तान सिंह, धर्मपाल इंदौरा, प्रमोद इंदौरा, डॉक्टर जय किशन इंदौरा, डॉक्टर सोमबीर निर्माण, अशोक सुरहलिया, मास्टर सुरेंद्र नागर, सुरेश सोलंकी, राजेश नागर, मंजीत निनानिया, एडवोकेट कुनाल मोहर, अशोक खनगवाल, एडवोकेट रविंद्र गुरहिया, राजेश आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**




झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया कुछए का रंगोली रेखाचित्र।

### रेखाचित्र के माध्यम से दिया कछुओं की रक्षा का संदेश

**झज्जर।** गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने विश्व कछुआ दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल कछुए का रंगोली रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने बताया कि 23 मई को पूरे विश्व में कछुआ दिवस मनाया जाता है। कछुओं की आयु सभी जीवों में सबसे अधिक होती है। ये वास्तु शास्त्र के अनुसार पवित्र भी माने जाते हैं। हम सबको इनकी अवैध तस्करी को रोकना चाहिए व अपने जीवमंडल में इनकी रक्षा करनी चाहिए। इस चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा व अलीशा शर्मा आदि ने भी जीव जंतुओं की रक्षा का संकल्प लिया।



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को बताए तनाव रहित शिक्षा ग्रहण करने के गुर

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने बच्चों को आने वाली चुनौतीयों व मूल्यवान शिक्षा की तैयारी के लिए तनाव रहित शिक्षा ग्रहण करने पर बल दिया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने जहां नैतिक मूल्यों को बढ़ाने व मल्टीमीडिया का इस्तेमाल करने पर जोर दिया वहीं प्राचार्या निधि कादियान ने कहा कि आने वाले समय में बच्चों के लिए मनोवैज्ञानिक कक्षाएं अत्यधिक जरूरी हो जाएंगी। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने विद्यार्थियों को तनाव रहित शिक्षा ग्रहण करने के उपाय बताए। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत व भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### एचडी स्कूल के शिक्षकों ने पक्षियों के लिए रखे 80 जलपात्र



**झज्जर।** एचडी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की प्रबंधन समिति द्वारा बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों की मदद करने के उद्देश्य से अन्न और जल की व्यवस्था की है। शिक्षकों ने विद्यालय परिसर के अलावा गांव की गौशाला व अन्य सार्वजनिक जगहों पर 80 जल-पात्र व अन्नपात्र रखवाकर समाज में अनोखा उदाहरण पेश किया है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी अपने घर की छत या आस-पास पक्षियों के लिए जल-पात्र की व्यवस्था करने संबंधी शपथ दिलाई गई। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने कहा कि अन्न और जल का दान करने का पुण्य किसी सौभाग्यशाली को मिलता है। एक तरफ प्यासे की प्यास बुझाना और दूसरी तरफ भूखे को भोजन खिलाना पुण्य कार्य है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी बढ़ते तापमान में पक्षियों की सुरक्षा के लिए अन्न व जलपात्र रखने का आह्वान किया।



बहादुरगढ़। सेंटर का शुभारंभ करती पार्षद सुनैना मलिक व केसी सिंहल।

### फ्री सिलाई, नेचुरोपैथी व फिजियोथेरेपी सेंटर शुरू

**बहादुरगढ़।** प्राचीन शक्तिपीठ मंदिर शनि धाम के सौजन्य से निःशुल्क सिलाई सेंटर और फ्री नेचुरोपैथी व फिजियोथेरेपी सेंटर शुरू हुआ। पार्षद सुनैना संजीव मलिक और शनि धाम प्रमुख कृष्ण सिंघल द्वारा रिबन काट कर शुभारंभ किया गया। फ्री सिलाई सेंटर के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर संजीव मलिक, सन्नी सिंघल, एनएस कपूर, हरिचंद रोझा, वजीर सिंह दहिया, विनोद शर्मा, गौरव, विनीत, विजित, दीपक, मंजू, चित्ररेखा, अर्चना, प्रीति, पूनम व अंजू आदि उपस्थिति रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

वैश्य बीएड कॉलेज में हुई राज्यस्तरीय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता

## पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता के दौरान बनाई रंगोली देखते अतिथि व कॉलेज पदाधिकारी।

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड (पंचकूला) के सहयोग से राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में 12 महाविद्यालयों ने रजिस्ट्रेशन किया था। भावी अध्यापिकाओं द्वारा लघु नाटिका, पंजाबी नृत्य, हरियाणवी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। पानीपत जिले की 4 जैव विविधता प्रबंधन समितियों को एबीएस चेक भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसीएफ साहिथी रेडी मौजूद रही। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जैव विविधता के बारे में जागरूक किया। अधिक पेड़-पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। प्रकृति के संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। अतिथि के रूप में जिला समन्वयक आशीष कादयान, रेंज फारेस्ट ऑफिसर श्री भगवान ढाका, जिला समन्वयक कुसुम शर्मा, अंशुल लाकड़ा, कुलदीप शर्मा, डॉ. संचिता, बबीता, मिथिलेश हुड्डा, रमेश, दिनेश चेयरमैन व रेंज ऑफिसर हितेश आदि उपस्थित रहे। कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता व प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने उनका स्वागत किया। रंगोली में राधिका, अंजलि ने प्रथम स्थान, नेहा ने द्वितीय स्थान व नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में निकिता ने प्रथम, योगिता ने द्वितीय और आशा व डिंपल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निशा, मेघा, प्रज्ञा व काजल को सांत्वना पुरस्कार मिला।

स्लोगन राइटिंग में काजल ने प्रथम, तन्नु ने द्वितीय व जाह्नवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोमल मणी व लक्ष्मी को सांत्वना पुरस्कार मिला। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में साक्षी पहले, तमन्ना दूसरे व साक्षी तीसरे स्थान पर रही। कोमल, व साक्षी को सांत्वना पुरस्कार मिला। भाषण प्रतियोगिता में नम्रता ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय व अर्चना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज में पावनी ने प्रथम, वंश ने द्वितीय, प्रिया व तनिषा ने तृतीय स्थान पाया। मेघा को सांत्वना पुरस्कार मिला।